आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :378 पृष्ठ -5 दिनांक 21 जनवरी 2025 दिन मंगलवार

# यूपी.प्रदेश के 45 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट, 48 घंटों बाद फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

## 21 से 23 जनवरी तक प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना

उत्तर प्रदेश में सोमवार के बाद नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से फिर बादल बरिश और ओले की स्थिति बनेगी,इससे पहले रविवार सोमवार को प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा लेकिन बर्फीली हवाओं के चलते 19 जनवरी को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के 45 जिलों में गलन भरी पछुआ हवा और घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है।तापमान में भी तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है यूपी मौसम विभाग के मुता. बिक, तीन दिनों तक कुछ स्थानों पर घना तो कुछ स्थानों पर आति घना को. हरा छाया रहेगा। 21 से 23 जनवरी तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गरज चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है, पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं बूंदाबांदी हो सकती है।आज रविवार को लखनऊ में सुबह–शाम कोहरा छाया रहेगा अधिकतम तापमान 19 व न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर, बाँदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली।वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, बस्ती, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या। अम्बेडकरनगर, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मै. नपुरी, इटावा, औरैया,



शाहजहांपुर, संभल, बदायूं। सोमवार के बाद फिर बदलेगा मौसम यूपी मौसम विभाग की मानें तो मंगलवार बुधवार को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसके कारण 21 और 22 जनवरी को कुछ जगहों पर गरज चमक के साथ बारिश की संभावना है। खास करके झांसी, मथुरा, आगरा, जालौन, बदायूं, महोबा, बुलंदशहर, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, इटावा, औरैया,अलीगढ़, ललितपुर, फिरोजाबाद और हमीरपुर में बारिश, तेज हवा के साथ ओले गिरने की संभावना जताई गई है। सोमवार से तेज पछुआ हवाएं चलेंगी, जिससे तापमान में इजाफा होगा।

## कानपुर : लॉकर तोड़कर पार किए लाखों के जेवरात, CCTV की मदद से पकड़े गए

कानपुर। काकादेव थानाक्षेत्र में ताले की चाबी बनवाने की बात कहकर घर में घुसे शातिर सरदारों ने अलमारी का लॉकर का ताला तोड़कर उसमें रखे लाखों कीमत के जेवरात और नकदी पार कर दी। पीड़ित की पत्नी जब रुपये निकालने के लिए गई तो वहां का नजारा देख उसके होश उड़ गए। इसके बाद कैमरे चेक किए गए। जिसमें तीनों सरदार कैद हो गए। इस पर पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने कैमरों की मदद से तीनों सरदारों को गिरफ्तार कर लिया।इस पर उन्होंने सैफ की चाबी दे दी और उसने वह चाबी खराब कर दी। इसके बाद वह बोला की तुम्हारे सैफ की चाबी खराब हो गई है। यह चाबी दूसरी बनानी पड़ेगी। इस पर उन्होंने कहा बना दीजिए। उसने कहा अब तो छह बज रहा है, अब गुरुदारा का समय हो गया है। उन सरदारों ने कहा कि उन्हें पांडो नगर में माथा टेकना है। दूसरे दिन आकर चाबी बनाकर देने की बात कही। पीड़ित के अनुसार दूसरे दिन करीब 2.30 बजे के बाद सरदार आया जिसमें एक सरदार पुराना वाला था और दूसरा नया सरदार था। उन्होंने पहले नीचे तीन ताले की चाबी बनाई। इसके बाद ऊपर बनाने आ गया। करीब 40 मिनट तक चाबी बनाता रहा। चाबी बनाते समय उसने तेल मांगा। वह तेल लेकर वापस लौटे तो उसने बोला चाबी बन गई है। इस ताले को आधे घंटे बाद खोलना। इसके बाद वह सरदार चले गए। पीड़ित के अनुसार अलमारी के बीच में एक लॉकर था जिसमें एक पर्स रखा था। बताया कि पर्स में पत्नी के जेवरात रखे थे तथा कुछ खुले पैसे थे। 11 जनवरी को पत्नी ने मंदिर जाने के लिए कुछ पैस निकालने को देखा तो लॉकर का ताला टूटा था और पर्स उससे गायब था। इस पर उन्होंने आनन–फानन कैमरे मे फुटेज देखा तो तीनों सरदार की फुटेज आ रही है। पीड़ित के अनुसार सरदारों ने उनकी पत्नी के सोने की चार चूड़ी, कान छुमकी, एक अंगूठी, जंजीर मंगलसूत्र, चांदी की तीन जोड़ी पायल, चांदी का एक सिक्का आदि लाखों का सामान पार कर दिया। इस संबंध में काकादेव इंस्पे. क्टर मनोज सिंह भदौरिया के अनुसार अज्ञात सरदारों पर चोरी और बेईमानी की रिपोर्ट दर्ज कर नानक सिंह पटवाजी, महेंद्र सिंह पटवाजी, कृपाल सिंह निवासी ग्राम बाग जिला धार मध्यप्रदेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। ाास्त्री नगर निवासी दिनेश पाल सिंह के अनुसार नौ जनवरी की शाम करीब 4.30 बजे वह घर के नीचे रोड किनारे खड़े थे। तभी दो सरदार साइकिल से ताले बनवाने की चाबी की आवाज लगा रहे थे। बताया कि उनके मेन गेट पर एक ताला लगा था उसकी चाबी बनवाने के लिए घर ले आए। ताला खोलते समय सरदारों ने कहा कि तुम्हारे पास कोई सैफ की चाबी है, तो दीजिए। क्योंकि ताले का लीवर ऊपर उठाना है, तब ताला खुलेगा।

## उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सामान्य और अनुसूचित जाति के गरीब परिवारों की बेटियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री अनुदान योजना को फिर से शुरू

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सामान्य और अनुसूचित जाति के गरीब परिवारों की बेटियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री अनुदान योजना को फिर से शुरू करने का फैसला लिया है. ये योजना चार साल पहले बंद कर दी गई थी लेकिन अब अगले सप्ताह से इसे फिर शुरू कर दिया जाएगा. इसके तहत अब सामान्य और एससी वर्ग की बेटियों का व्यक्तिगत रूप से विवाह करने पर 20 हजार रुपये का अनुदान मिलेगा. अभी तक इस योजना का लाभ सिर्फ ओबीसी वर्ग को ही दिया जा रहा था. प्रदेश सरकार ने इसके लिए 30 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित कर दिया है. इनमें से 20 करोड़ का बजट एससी वर्ग के परिवारों के लिए और 10 करोड़ का बजट सामान्य वर्ग के लिए है. इससे पहले अगस्त 2022 को समाज कल्याण विभाग की ओर से एससी और सामान्य वर्ग की बेटियों की शादी के लिए अनुदान की योजना को बंद कर दिया था. विभाग के पोर्टल से इसे हटा दिया था. सिर्फ ओबीसी परिवारों को ही इसका लाभ मिल रहा था. जिसके बाद सामान्य वर्ग और एससी वर्ग की बेटियों की शादी के लिए आवेदन पर रोक लग गई थी. अगले हफ्ते से फिर शुरू होगी योजनाअगले हफ्ते से मुख्यमंत्री शादी अनुदान योजना में फिर से सामान्य और एससी वर्ग की बेटियों को भी शामिल कर लिया जाएगा. जिसके बाद कई जिलों में आवेदन भी शुरू हो गए हैं. समाज कल्याण विभाग की ओर से इसके लिए अलग से वेबसाइट तैयार की गई है. आवेदन करने वालों की पात्रता और जरूरी दस्तावेज जमा करने के बाद अनुदान की राशि उनके खातों में भेज दी जाएगी. सामान्य वर्ग और एससी वर्ग की बेटियों को अभी तक सामूहिक विवाह योजना का लाभ मिल रहा था. जिसके तहत सरकार परिवार को 51 हजार रुपये का अनुदान देती है. लेकिन अब इन्हें मुख्यमंत्री शादी अनुदान योजना में भी शामिल कर लिया गया है. इसके लिए विवाह के समय लड़की की उम्र 18 साल और लड़के की उम्र 21 वर्ष पूरी होनी चाहिए. अनुदान के लिए ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों की न्यूनतम आय 46,080 शहरी क्षेत्र के परिवारों की 56,476 रुपये से अधिक सालाना आय नहीं होनी चाहिए.

## प्रयागराज में महाकुंभ मेला क्षेत्र में रविवार को गीता प्रेस के कैंप में आ लग गई, जिसमें 175 कैंप जलकर राख

सोमवार को अग्निशमन विभाग क्ळ अविनाश चौहान भी घटना स्थल पर पहुंचे. उन्होंने दावा किया है कि मेला क्षेत्र में विभाग की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. आगे इन्हें और मजबूत किया जाएगा. अग्निशमन विभाग डीजी अविनाश चौहान ने महाकुंभ में लगी आग को लेकर कहा कि सिलेंडर से खाना तो बनता ही है, या तो चूल्हे पर बनेगा या सिलेंडर पर बनेगा. सभी लोग सावधानी बरत रहे हैं. फायर विभाग की टीम और श्रद्धालुओं ने अपने विवेक से कई आग की घटनाओं को होने से बचाया है. जो घटनाएं नहीं हुईं वो किसी के सामने नहीं आती है. लेकिन इस घटना सबक लेते हुए कि ऐसा दोबारा न हो सके उसके लिए अचूक व्यवस्था करने हम यहां आए हैं.मेला क्षेत्र में मजबूत होगी व्यवस्थाउन्होंने का कि हम अपने रिसोर्स को मेलाक्षेत्र में और मजबूत करेंगे. आ. सपास के जनपदों से लोगों को बुलाकर मेला क्षेत्र में तैनात किया जाएगा. इसके साथ ही आने वाली चुनौतियों पर मंथन करके ये तय करेंगे कि ऐसी घटना दोबारा न हो और अगर हो तो रिस्पॉन्स टाइम कम से कम समय हो सके. हमने पहले से कई टीमों को तैनात किया हुआ है. मेला क्षेत्र में 195 जगहों पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का लगाया हुआ है. यानी 195 फायर स्टेशन के बराबर क्षमता से हम काम कर रहे हैं. हमारे कर्मचारी हमेशा तैनात रहे हैं और तत्काल रिस्पॉन्ड करते हैं. महाकुंभ में आग की घटना के बाद जहां एक तरफ अग्निशमन विभाग सतर्क हो गया है. वहीं गीता प्रेस के ट्रस्टी कृष्ण कुमार खेमकर ने भी प्रशासन की तारीफ की है. उन्होंने दावा किया कि गीता प्रेस की झोपड़ी में बाहर से आई चिंगारी की वजह से आग लगी थी. उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि पीछे के पंडालों में कोई भोजन बना रहा होगा. जिसकी वजह से चिंगारी हमारे यहां आ गई. क्योंकि हमारी झोपड़ी है इसलिए वो तेजी से बढ़ गई. जिसके बाद सब लोग आग को बुझाने में लग गए. लेकिन, हवा का रुख विपरीत होने से आग बढ़ती गई. सीएम योगी ने दिए पुनर्वास के निर्देशद खेमकर ने कहा कि आग की सूचना मिलते ही प्रशासन की बहुत सारी गाड़ियां आ गईं. इस आग में हमारी 175 झोपड़ियां जलकर राख हो गईं. अच्छी बात ये है कि कोई हताहत नहीं हुआ. आग बहुत बड़ी थी लेकिन सबसे बड़ी खुशी की बात है कि किसी की जानमाल की हानि नहीं हुई. उन्होंने कहा कि हादसे के बाद सीएम योगी भी उनसे मिलने आए थे. उन्होंने नुकसान का जायजा लिया और मेला प्रशासन को 4 से 5 दिन में पुनर्वास का आदेश दिया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भी संदेश आया है. प्रशासन महारा पूरा सहयोग कर रहा है. हम यहां रहेंगे, हमारे सारे सेवा के विकल्प चलते रहेंगे. उन्होंने इस घटना में किसी साजिश से इनकार किया.

## यूपी के सभी 75 जिलों में सरकारी डॉक्टरों की बढ़ेगी मुश्किल! ये काम किया तो होगा कड़ा एक्शन



उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों को प्राइवेट प्रैक्टिस करना भारी पड़ सकता है. योगी सरकार अब ऐसे डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है. इसके लिए नए सिरे से हर जिले में एक कमेटी का गठन किया जाएगा जो इस पर पूरी नजर रखेगी. यहीं नहीं स्वास्थ्य निदेशालय की तरफ से सभी सरकारी डॉक्टरों से इस संबंध में हलफनामा भी मांगा गया है. पिछले दिनों वाराणसी में प्राइवेट प्रैक्टिस से जुड़ा मामला सामने आने के बाद ये बड़ा कदम उठाया गया है, जिसके तहत सभी जिलों के चीफ मेडिकल अफसरों से रिपोर्ट तलब की गई है. इसके साथ ही सभी सीएमओ को कहा गया है कि किसी भी स्थिति में राजकीय चिकित्सकों को प्राइवेट प्रैक्टिस करते पाया गया तो डॉक्टर के साथ संबंधित सीएमओ के खिलाफ भी कड़ी कार. 'वाई की जाएगी. डॉक्टरों से मांगा गया हलफनामामहानिदेशालय ने सीएमओ और सीएमएस से जिला अस्पताल, सीएचसी–पीएचसी में काम करने वाले डॉक्टरों से हलफनामा देने के निर्देश दिए हैं. इस हलफनामे में उन्हें इस बात की जानकारी देनी होगी कि संबंधित डॉक्टर मुख्यालय पर ही काम करते हैं और उनकी ओर से अलग से कोई प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं की जा रही है. निदेशालय के मुताबिक अगर कोई सरकारी डॉक्टर ऐसा करते हुए पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जा सकता है. इस बारे में जानकारी देते हुए स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ रतनपाल सिंह सुमन ने कहा कि सरकारी डॉक्टरों के प्राइवेट प्रैक्टिस करने पर पूरी तरह से रोक है. ऐसा करने वालों पर एक्शन लिया जाएगा. इसके लिए सभी डॉक्टरों से हलफनामे भी मांगे गए हैं. बता दें कि प्रयागराज के दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में सीएमएस डॉ दिग्विजय सिंह समेत छह डॉक्टरों पर प्राइवेट प्रैक्टिस किए जाने का आरोप लगा था. जांच में ये आरोप सही पाया गया, जिसके बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बीते दिनों सरकारी सेवा में रहकर प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे. जिसके बाद डॉक्टर दिग्विजिय सिंह और पांच डॉक्टरों को हटा दिया है.

## तुम्हारी कोई हैसियत नहीं, सरकारी टीचर बनते ही पत्नी ने पति को छोड़ा, मांग रही 1 करोड़ रुपये

पति के प्यार, परित्याग और मेहनत पर पत्नी ने फेर दिया पानी. इस बार ज्योति मौर्या से मिलती जुलती कहानी कानपुर से सामने आई है. कानपुर में एक महिला ने सरकारी नौकरी मिलने के बाद साथ रहने के लिए पति से एक करोड़ रुपये मांगे, जिसके बाद पीड़ित पति ने अपनी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है.हालिया दिनों एसडीएम ज्योति मौर्या और उनके पति के बीच विवाद काफी चर्चा में रहा था. इसी तरह का एक मामला कानपुर के नौबस्ता थाना क्षेत्र से सामने आया है. जहां बजरंग नाम के एक युवक की शादी साल 2023 में गाजियाबाद के लक्षिता नाम की युवती से हुआ था. शादी के बाद लक्षिता ने अपने पति बजरंग से सरकारी टीचर बनने की इच्छा जताई.पत्नी ने मांगे एक करोड़ पत्नी के सपने को पूरा करने के लिए पति ने जी तोड़ मेहनत की. उसको पढ़ाया लिखाया और सरकारी टीचर बनाने के लिए उसको अलग–अलग संस्थानों में महंगी फीस अदा कर कोचिंग दिलाई. पति की मेहनत और हौसला अफजाई से लक्षिता ने जल्द अपने सपने को साकार और वह सरकारी टीचर बन गई.तुम्हारी कोई हैसियत नहीं टीचर के पद पर तैनात होते ही लक्षिता ने पति बजरंग से किनारा करना शुरू कर दिया. धीरे धीरे उनके रिश्ते खराब होने लगे. परेशान होकर बजरंग ने पत्नी लक्षिता से इसकी वजह पूछी. इसके बाद लक्षिता मायके चली गई. मायके पहुंच कर उसने बजरंग से कहा कि मैं तुम्हारे साथ ऐसे नहीं रह सकती, तुम्हारी कोई हैसियत नहीं है.पत्नी ने बजरंग से कहा कि अगर तुम मुझे एक करोड़ रुपया दो तो मैं तुम्हारे साथ पहले की तरह रह सकती हूं. पत्नी लक्षिता की ये बातें सुनकर बजरंग के पैरों तले से जमीन खिसक गई. परेशान होकर उसने लक्षित के माता–पिता से बात की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला. पुलिस से लगाई मदद की गुहार अब पीड़ित पति बजरंग ने कानपुर के नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है और पुलिस से मदद की गुहार लगाई है. जिससे उसकी पत्नी उसे वापस मिल सके. बजरंग ने बताया कि वह बहुत परेशान है, उसकी खूब बेइज. जती हो रही है और उसकी पत्नी उसके पास रहने को तैयार नहीं है. रहने के एवज में पत्नी एक करोड़ रुपये मांग रही है.इस संबंध में डीसीपी साउथ महेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है. दोनों के बीच विवाद और लड़ाई की वजह पता की जा रही है. उन्होंने कहा कि महिला और उसके घर वालों को कानपुर बुलाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे तस्वीर साफ हो जाएगी.

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च को




अलीगढ़  माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के दिशा निर्देशन में 08 मार्च शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, बाह्य स्थित न्यायालयों में एवं तहसील स्तर पर किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों एवं विभागों में लम्बित विभिन्न प्रकृति के मामलों जैसे– फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एनआईएक्ट, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर बाद, श्रम वाद, विद्युत अधिनियम एवं जलकर से सम्बन्धित वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक वाद, भूमि अर्जन वाद, सेवा सम्बन्धित वाद अन्य दीवानी वाद, अन्य प्रकृति के वाद जो न्यायालयों में छोटे–छोटें प्रकृति के मामलें लम्बित हो के अतिरिक्त पारिवा. रिक, वैवाहिक विवादों के प्रीलिटिगेशन मामलों तथा प्रीलिटिगेशन स्तर पर विभिन्न बैंको, वित्तीय संस्थाओं एवं विभागों में लम्बितः प्रीलिटिगेशन स्तर के मामलों का भी निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जाना है।अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के दृष्टिगत वादकारीगण से अपेक्षा है कि वे अपने मामले का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कराने के इच्छुक हों तो अपना प्रार्थना पत्र सम्बन्धित न्यायालय कार्यालय को नियत तिथि से पूर्व प्रेषित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें।

## भाजपा सांसद माननीय श्री सतीश गौतम जी उन सभी 23 लोगों के नाम सार्वजनिक करें जोकि सांसद महोदय के आवास पर वोट बनवाने की एप्लीकेशन दी है'

आज आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद माननीय संजय सिंह जी द्वारा प्रेस वार्ता कर दिल्ली चुनाव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा अब मतदाता सूची में हेर फेर करने के लिए एक नया तरीका अपनाया है, वह अपने स्वयं के संसद सदस्यों के पते का उपयोग करके देश भर से वोटों को नई दिल्ली स्थानांतरित कर रही है संजय सिंह ने कहा कि यह काम कोई सामान्य व्यक्ति नहीं बल्कि भारत सरकार के मंत्री और बड़े–बड़े लोग चुनाव आयोग की आंख में धूल झोंककर उसकी प्रतिष्ठा से खिलवाड़ कर रहे हैं. अनियमितताओं के आरोपों के संबंध में ।।च के राष्ट्रीय संयोजक अर. विंद केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखा है।इसी क्रम में माननीय संजय सिंह जी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि अलीगढ़ सांसद माननीय श्री सतीश गौतम जी के दिल्ली स्थित सरक. ारी आवास 4 विंडसर प्लेस नई दिल्ली ळच्च,  पर 23 नए वोट बनवाने केयर लिए एप्लीकेशन दी गई है. क्या हम इस बात पर विश्वास किया जा सकता है है कि रातों–रात पूरे भारत से 23 लोगों ने अपना निवास स्थान बदल लिया हैआम आदमी पार्टी अलीगढ़ के जिला अध्यक्ष संजीव कौशिक ने मांग की है कि 1– भाजपा सांसद माननीय श्री सतीश गौतम जी इन सभी 23 लोगों के नाम सार्वज. निक करें जोकि सांसद महोदय के आवास पर वोट बनवाने की एप्लीकेशन दी है2– एकदम से ऐसा क्या हुआ की माननीय सतीश गौतम जी के निवास पर रहने लगे जिला महासचिव दीपक चौधरी ने भी मांग की है कि सांसद सतीश गौतम जी सार्वजनिक करें कि1– इन लोगों दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान ही अपना निवास स्थान क्यों बदल लिया 2– यह भी बताएं कि दिल्ली विधानसभा चुनाव होने से पहले माननीय महोदय के दिल्ली आवास पर आधिकारिक तौर पर कितने लोग रह रहे थे 3– यह सभी 23 लोग सांसद आवास पर क्या काम करते हैं

## पंजीकृत श्रमिक की मृत्य या दिव्यांगता की दशा में आश्रित अनुग्रह राशि के लिए 31 मार्च तक करें आवेदन

अलीगढ़ उप श्रम आयुक्त सियाराम ने अवगत कराया है कि ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित क्षेत्र कर्मकारों को अनुग्रह–राशि मॉडयूल के अन्तर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने की दशा में उनके आश्रितों व दिव्यांग होने पर स्वयं द्वारा उक्त योजनार्न्गत हितलाभ प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिले में हितलाभ योजना के अन्तर्गत ई–श्रम पोर्टल पर 14,43,742 असंगठित कर्मकार पंजीकृत हैं।उन्होंने बताया कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार उ0प्र0 असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड लखनऊ द्वारा ई–श्रम पोर्टल पर 26 अगस्त 2021 से 31 मार्च 2022 तक या उससे पूर्व विभिन्न श्रेणी में पंजीकृत असंगठित कर्मकारों को सामाजिक सुरक्षा संबंधी योजना से आच्छादित कराने के लिये जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा उन्हें हितलाभ दिये जाने के आदेश दिये गये हैं। तत्क्रम में असंगठित कर्मकारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के दृ ष्टिगत श्प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनाश्र से आच्छादित किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत ई–श्रम पोर्टल पर 26 अगस्त 2021 से 31 मार्च 2022 तक या उससे पूर्व पंजीकृत असंगठित कर्मकारों, ई–श्रम कार्ड धारकों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर आश्रित या नामिनी को 02 लाख रूपये अथवा दिव्यांगता की स्थिति (दोनों आँख या दोनों हाथ या दोनों पांव, पूर्ण रूप से क्षति होने पर 02 लाख रूपये तथा एक हाथ या एक पांव की क्षति होने पर) 01 लाख रूपये की अनुग्रह राशिनियमानुसार प्रदान की जायेगी।उन्होंने साथ ही यह भी अवगत कराया है कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार एवं उ0प्र0 शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अनुग्रह राशि योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार कर पात्रता के आधार पर दुर्घटना में मृत्यु या दिव्यांग हुए पंजीकृत असंगठित कर्मकारों के आवेदनों, क्लेम–दावों को प्राप्त करने के लिए नियत समयावधि को अगले 03 माह तक विस्तारित किया गया है अर्थात 31 मार्च 2025 तक उन आवेदनों, क्लेम–दावों को स्वीकृत कर अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिये दुर्घटना के कारण मृत्यु, दिव्यांगता की स्थिति में ई–श्रम कार्ड धारक अथवा उसके आश्रित या नामिनी द्वारा मृत्यु होने की दशा में दावेदार का आधार नम्बर, यू0एन0ए0 कार्ड या नम्बर, मृत्यु प्रमाण–पत्र, मृत्यु के कारण का चिकित्सा प्रमाण–पत्र, दुर्घटना के समय दर्ज की गयी एफ0आई0आर0 या पंचनामा, पोस्टमार्टम रिपोट, दावेदार के नाबालिग होने की दशा में अभिभावक को दावा भरते समय जिला न्यायालय द्वारा जारी अभिभावक प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसी प्रकार दिव्यांगता की दशा में दावेदार का आधार नम्बर, यूएनएन कार्ड या नंबर, अस्पताल का रिकार्ड, दिव्यांग प्रमाण–पत्र या विशिष्टदिव्यांगता पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ई–श्रम कार्ड धारक उक्त अवधि में आयकरदाता याई0पी0एफ0ओ0 या ई0एस0आई0 के सक्रिय सदस्य नहीं होना चाहिए। योजना की विस्तृत जानक. ारी के लिए जनपद के श्रम विभाग कार्यालय 02 जापान हाउस मैरिस रोड में सम्पर्क किया जा सकता है।

## शहर में अव्यवस्थित ई रिक्शा से जल्द मिलेगी निजात- नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से किया मंथन




अलीगढ़ आरटीओ में पंजीकरण फिटनेस प्रमाण पत्र ड्राइविंग लाइसेंस और नगर निगम में रजिस्ट्रेशन के साथ ई रिक्शा चालक कर सकेंगे आवेदन ऑनलाइन. अलीगढ़ नगरीय क्षेत्र में अव्यवस्थित ई रिक्शा के कारण आए दिन चौराहों पर लगने वाले जाम से शहर वासियों को मुक्ति दिलाने के लिए प्रयासरत अलीगढ़ नगर आयुक्त विनोद कुमार ने एसपी ट्रैफिक मुकेश उत्तम के साथ शहर में ई रिक्शा को व्यवस्थित करने के लिए मंथन किया और ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से ई रिक्शा चालकों के पंजीकरण की व्यवस्था को सुगम बनाने के बारे में मैसर्स वेब सोफी सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड के तकनीकी टीम के साथ ई रिक्शा पंजीकरण सॉफ्टवेयर को देखा।नगर आयुक्त ने सॉफ्टवेयर एजेंसी को पंजीकरण का सॉफ्टवेयर सरल भाषा और ई रिक्शा चालकों की सुविधा के अनुसार बनाने के निर्देश दिए. नगर आयुक्त ने कहा ई रिक्शा चालकों को शहर में व्यवस्थित करने के उद्देश्य से ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था जल्द शुरू की जा रही है इस नई व्यवस्था में घर बैठे कोई भी ई रिक्शा चालक सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकता है आन लाइन पंजीकरण के समय अलीगढ़ आरटीओ में पंजीकरण, फिटनेस के प्रमाण पत्र, ड्राइवर लाइसेंस के साथ–साथ नगर निगम के पंजीकरण को अपलोड करना अनिवार्य होगा।एसपी ट्रैफिक मुकेश उत्तम ने बताया कि इन चार प्रमाण पत्रों के साथ कोई भी ई रिक्शा चालक ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से पंजीकरण का आवेदन कर सकता है तत्पश्चात ट्रैफिक पुलिस द्वारा निर्धारित 4 जोन में से किसी एक जोन निर्धारित रंग और रूट के अनुसार ई–रिक्शा को चलाने की अनुमति दी जायेगी।उन्होंने बताया कि पहले चरण में 4000 ई रिक्शा को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से 4 जोन बनाए गए हैं जिनमेप्रथम पूर्वी जोन –1–कम्पनीबाग–दुबे पढ़ाव–गान्धीआई तिराहा–क्वार्सी चौराहा रामघाट रोड से दाहिने तरफ 2–कम्पनीबाग–दुबे पड़ाव से अचलताल, नौरंगाबाद पुल होते हुये बाये तरफ एटा चुंगी जीटी रोड उक्त दोनों मार्गो के मध्य का समस्त क्षेत्रद्वितीय पश्चिमी जोन –1–कम्पनीबाग से रसलगंज से तहसील तिराहा, सारसौल चौराहा। (जीटी रोड) से बाये तरफ  2–कम्पनीबाग से हाथरस अडडा, सासनीगेट चौराहा मथुरा चेन्जर से खैरश्वर, नादापुल, सारसौल चौराहा। (आगरा रोड) से दाहिने तरफ उक्त दोनों मार्गो के मध्य का समस्त क्षेत्रतृतीय उत्तरी जोन 1–कम्पनीबाग से दुवे पढाव से रामबाग तिराहा क्वार्सी चौराहे से बाये तरफ महेशपुर फाटक, एफएम टावर ति. राहा से सारसौल वाईपास 2–कंम्पनीबाग से मसूदाबाद चौरहा से तहसील तिराहा के दाहिने तरफ सारसोल चौराहा से बरौला बाईपास उक्त मार्गो के मध्य का समस्त क्षेत्र चतुर्थ दक्षिणी क्षेत्र 1–कम्पनीबाग से मदारगेट से खिरनीगेट, सासनी गेट से बाये तरफ (आगरा रोड)2–कम्पनीबाग से दुवे पढ़ाव चौराहा अचलताल से एटाचुंगी चौराहा (जीटी रोड) के दाहिने तरफ उक्त मार्गो के मध्य का समस्त क्षेत्र।बैठक में नगर आयुक्त के साथ पार्षद व उपसभापति दिनेश जादौन, विनोद माहौर, सूरज माहौर अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव एसपी ट्रैफिक मुकेश उत्तम, टीआई नेपाल सिंह अहसान रब, वेब सोफी सॉफ्टवेयर प्रा. इवेट लिमिटेड से नवीन त्रिपाठी व अन्य मौजूद थे।

## संजीव रंजन बने अलीगढ़ के डीएम

## सोमवार सांय जिला कलक्टर का कार्यभार संभाला



अलीगढ़ 20 जनवरी 2025 नवागत जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा सोमवार सांय  जनपद कोषागार में जिलाधिकारी के पद का कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत प्रशासनिक अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया।  प्रारम्भ में जिलाधिकारी ने कोषागार पहुॅचकर मान प्रणाम ग्रहण किया।कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात नवागत जिलाधिकारी ने कलैक्ट्रेट स्थित कार्यालय पहुॅचकर कहा कि शासन की योजनाओं एवं विकास कार्यों को धरातल पर लागू करने के साथ ही कानून व्यवस्था उनकी प्राथमि. कता में शामिल रहेगी।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अखिलेश कुमार यादव, सिटी मजिस्ट्रेट राम शंकर, एसडीएम कोल दिग्विजय सिंह, एसडीएम इगलास साश्वत त्रिपुरारी,, वरिष्ठ कोषाधिकारी योगेश कुमार, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मनोज राजपूत समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के वैनर तले संघ के जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ० प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में वित्त एवं लेखा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया

अलीगढ़, 20 जनवरी। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के वैनर तले संघ के जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ० प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में वित्त एवं लेखा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया। वित्त एवं लेखाधिकारी के समक्ष शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं को रखा गया। वित्त एवं लेखा अधिकारी से वार्ता करते समय संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ प्रशांत शर्मा ने कहा कि शिक्षकों के जीपीएफ लेजर 2007 से 2011 तक गायब हैं। ऐसे में शिक्षकों के मनोमस्तिष्क में भय की स्थिति बनी हुई है, कि उनकी जीपीएफ कटौती की धन. राशि कहां जा रही है। जूनियर शिक्षक संघ अलीगढ़ ने ही 2022 में 34 लख रुपए का घोटाला पकड़वाया था वह आज 5 करोड रुपए का हो चुका है संगठन के पदाधिकारी आक्रोश में थे और अपने धन के लेखा की जानकारी मांग रहे थे। वित्त एवं लेखा अधिकारी ने उक्त समस्या को स्वीकार किया और कहा कि वे समस्या के निदान का नि. रंतर प्रयास कर रहे हैं। उनके पास कर्मचारियों की कमी है। जिससे समय अंतर्गत कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। संगठन के जिला महामंत्री इंद्रजीत सिंह ने कहा कि शिक्षकों ने अवशेष धन के लिए आवेदन कर रखे हैं, परंतु कुछ शिक्षकों के अवशेष धन निकाल दिए जाते हैं और अधिकतर शिक्षकों के अवशेष धन नहीं निकाले जाते हैं। ऐसा क्यों?  बहुत से शिक्षकों ने जीपीएफ से अपने बच्चों की शादी के लिए, घर बनवाने के लिए ऋण लिया था, परंतु उनका धन समय पर निर्गत नहीं किया गया, और उनके आवेदनों को निरस्त कर दिया गया। 31 मार्च 2025 को शिक्षक और कर्मचारी सेवानिवृत होने वाले हैं। उनके बारे में अभी तक कोई भी कार्यवाही पूर्ण रूप से नहीं की गई है। कैसे उनका जीपीएफ का धन और पेंशन निर्गत कर दी जाएगी ?  सतासी रुपए प्रतिमाह जीआईएस की कटौती की जा रही है। जबकि जीवन बीमा निगम ने सन 2014 से उक्त बीमा को समाप्त कर दिया है। परंतु वर्तमान में निरंतर कटौती की जा रही है। यह धनराशि कहां जा रही है। इसका कोई लेखा–जोखा नहीं है। इस जीआईएस कटौती में भी घोटाले से इनकार नहीं किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों की एनपीएस कटौती हो रही है उनकी धनराशि का विवरण प्रतिमाह ऑनलाइन नहीं किया जा रहा है इसको प्रतिमाह ऑनलाइन किया जाना चाहिए। आदि



समस्याओं को को लेकर शिक्षक संघ के पदाधिकारी आक्रोशित थे, वित्त एवं लेखाधिकारी ने समस्त समस्याओं का संगठन के सहयोग से योजना बनाकर निस्तारित करने का आश्वाशन दिया। यदि शिक्षकों की उक्त समस्याओं का समाधान 30 जून तक नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन के लिए वाध्य होगा। जिसके लिए संपूर्ण जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी। जिस पर लेखाधिकारी महोदय ने सभी लेजर 30 जून तक कंप्लीट करने का संगठन को आश्वासन दिया है इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष विश्वनाथ, लोधा अध्यक्ष महेश चन्द्र राजपूत, रवीन्द्र कुमार कश्यप, विमल कुमार चौहान, रूमसिंह वर्मा, शशिरानी,दयाल शर्मा, देववती, शिवानी, जयन्ति, राजवीरसिंह, अनुज कुमार सिंह, होडिलसिंह, कुलदीप शर्मा, सफीउल्लाह, मो० जाहिद,अमित कुमार,सुनील कुमार वार्ष्णेय,सतेंद्र कुमार, सईद त्यागी,सुनील वर्मा,दिनेश शर्मा,साहब सिंह, नरेंद्र पाल सिंह चक्रवर्ती आदि उपस्थित रहे।

# कोहरे में बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़, एक को लगी गोली, चार शातिर बदमाश गिरफ्तार

कोतवाली हाथरस जंक्शन के मेंदू नहर के निकट चेकिंग के दौरान कार सवार बदमाशों से बीती रात पुलिस की मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि तीन बदमाशों को पुलिस ने पकड़ लिया। घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए बदमाशों सेतमंचे,कारतूस,चाकू ओर कार बरामद की गई है। पकड़े गए चारों बदमाश शातिर हैं, जिनके खिलाफ पूर्व में कई मुकदमे दर्ज है तथा जेल जा चुके हे। रविवार की रात कोतवाली हा. थरस जंक्शन पुलिस नहर पुल पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी हाथरस की ओर से एक स्विफ्ट कार आती दिखाई दी। पुलिस ने कार को रोकने का प्रयास किया, नगला आलिया मार्ग पर एक कार सवार बदमाशों ने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। जवाब में आत्म रक्षा के लिए पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी। पुलिस फायरिंग में एक बदमाश को गोली लग गई, जबकि तीन बदमाशों को पुलिस ने पकड़ लिया एक बदमाश मौका पाकर फरार मुठभेड़ की जानकारी लगते ही एएसपी अशोक कुमार सिंह, सी ओ सिकंदराराऊ मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए। एक बदमाश मौका पाकर फरार हो गया। घायल बदमाश रिषभ



उर्फ कान्हा पुत्र कुंवर सेन निवासी वोजिया हाथरस जंक्शन को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं अन्य पकड़े गए बदमाश रोहित पुत्र विक्रम,अनुज पुत्र कुंवरपाल निवासी गण गगचोली,हाथरस जैक्शन,सचिन पुत्र मुकेश कुमार निवासी बाधउ हैं। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों से तमंचे, कारतूस ,चाकू ओर कार बरामद किए है। गिरफ्तार बदमाश शातिर किस्म के हैं। जोकि पूर्व में चोरी,हत्या का प्रयास, बलवा, जान से मारने की धमकी देने,एससीएसटी के मामले में जेल जा चुके है।चेकिंग के दौरान कार के न रुकने पर उसका पीछा किया गया, नगला आलिया के पास तमंचे से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। आत्म रक्षा में फायरिंग में एक बदमाश को पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कार्यवाही में कुल चार बदमाशों को पकड़ा गया है। चारो बदमाश शातिर है,जो पूर्व में विभिन्न मामलों में जेल जा चुके हैं। मुठभेड़ की जानकारी लगते ही एएसपी अशोक कुमार सिंह, सी ओ सिकंदराराऊ मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए। एक बदमाश मौका पाकर फरार हो गया। घायल बदमाश रिषभ उर्फ कान्हा पुत्र कुंवर सेन निवासी वोजिया हाथरस जंक्शन को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं अन्य पकड़े गए बदमाश रोहित पुत्र विक्रम,अनुज पुत्र कुंवरपाल निवासी गण गगचोली,हाथरस जैक्शन,सचिन पुत्र मुकेश कुमार निवासी बाधउ हैं। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों से तमंचे, कारतूस ,चाकू ओर कार बरामद किए है। गिरफ्तार बदमाश शातिर किस्म के हैं। जोकि पूर्व में चोरी,हत्या का प्रयास, बलवा, जान से मारने की धमकी देने,एससीएसटी के मामले में जेल जा चुके है।

# नाले में मिला रोडवेज कर्मी का शव, इलाके में मची सनसनी

रोडवेज बस स्टेंड के पास रोडवेज बस के परिचालक नाले में पड़े मिले। लोगों ने उनको अचेत हालत में नाले से बाहर निकाला और फिर जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां पर डॉक्टर ने उनको देखा और मृत घोषित कर दिया। इस बात की जानकारी होने पर उनके परिवार के लोग भी अस्पताल आ गए। अस्पताल परिसर में रोडवेज कर्मियों की भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।कोतवाली सदर इलाके के मोहल्ला नाई का नगला निवासी 45 वर्षीय रामकुमार वर्मा पुत्र लखमीचंद्र रोडवेज में परिचालक के पद पर तैनात थे। शनिवार को वह घर से कहीं जाने की कह निकले। देररात को वह अचेत हालत में रोडवेज बस स्टेंड के बाहर बुकसेलर की दुकान के पास नाले में पड़े मिले। यह देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। नाले से उनको बाहर निकाल कर अचेत हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया।यहां पर रोडवेज के कर्मचारियों की भीड़ भी लग गई। हादसे की जानकारी मिलने पर उनके परिवार व मोहल्ले के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। यहां पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचाया। यहां पर परिवार, मोहल्ले और रोडवेज के कर्मचारियों की भीड़ लग गई। रोडवेज कर्मी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। शव घर पहुंचा तो परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। घर पर मोहल्ले के लोगों के अलावा नाते–रिश्तेदारों की भीड़ लग गई।

# मुरसान क्षेत्र के गांव गौजिया में जर्जर मकान की छत गिर गई

मुरसान क्षेत्र के गांव गौजिया में जर्जर मकान की छत गिर गई। मलबे में दंपती समेत परिवार के चार लोग दब गए। देर रात हुए हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। इधर ग्रामीणों ने मलबा हटाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद मलबे में दबी मां–बेटियों को बाहर निकाला गया। जिसके बाद 108 एंबुलेंस से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुरसान में भर्ती कराया गया। यहां उनका उपचार चल रहा है।कोतवाली मुरसान क्षेत्र के गांव गौजिया निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र नारायण सिंह के मकान के एक कमरे की छत काफी जर्जर हालत में थी। रात को धर्मेंद्र अपनी पत्नी चंचल, बेटी राधिका और भूमि के साथ उसी कमरे में सो रहे थे। इसी बीच रात को बंदर छत पर कूद पड़े। जिससे कमरे की जर्जर छत गिर गई। छत के मलबे में दो बेटियां और उनकी पत्नी दब गईं। छत गिरने की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जब ग्रामीणों को पता चला कि बेटियां और पत्नी मलबे में दबी हैं तो उन्होंने मलबा हटाना शुरू कर दिया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने चारों लोगों को एक एक कर बाहर निकाला और दोनों बेटियों और पत्नी को घायल अवस्था में बाहर निकाला। पति किनारे होने से बच गया। इसके बाद तीनों को उपचार के लिए 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुरसान ले जाया गया। यहां तीनों का उपचार चल रहा है। उपचार मिलने के बाद तीनों स्वस्थ हो गए। इस बीच पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने स्थिति सामान्य बताई है।

# हाथरस में सिपाही की मौत के मामले में नया मोड़, मृतक और उसके छह साथियों पर सामूहिक दुष्कर्म का केस

हाथरस में नौ जनवरी को कमरे में सिपाही कुलदीप का शव मिला था। उसके पास में उसकी महिला मित्र लह. लुहान हालत में मिली थी। सिपाही कुलदीप भाटी के पिता ने महिला मित्र पर हत्या का अभियोग दर्ज कराया था। अब महिला मित्र की बहन ने आ. ईजीआरएस पर शिकायत कर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज किया है। नौ जनवरी को कमरे में गोली लगने से सिपाही कुलदीप भाटी की मृत्यु और उसकी महिला मित्र के घायल होने के मामले में नया मोड़ आया है। महिला मित्र की बहन ने मृत सिपाही और उसके छह साथियों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए अभियोग पंजीकृत कराया है। मुकदमे में नामजद दोस्तों में एक पुलिसकर्मी है। ग्रेटर नोएडा के थाना दादरी क्षेत्र के गांव कैमराला चक्रसैनपुर निवासी सिपाही कुलदीप भाटी वर्ष 2019 से यहां यहां तैनात था। जलेसर रोड पर श्याम नगर इलाके में एक किराए के मकान में रहता था। नौ जनवरी को लोगों ने उसके कमरे से गोली चलने की आवाज सुनी तो पुलिस को सूचना दी। उसकी कनपटी पर गोली लगी थी, वहीं उसकी महिला मित्र बेड पर लहूलुहान पड़ी थी। उसके दाएं ओर सीने से ऊपर और सिर में गोली लगी थी।राममनोहर लोहिया



अस्पताल में चल रहा इलाजउसका उपचार दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में चल रहा है। कुलदीप के पिता जगवीर सिंह ने कोतवाली सदर में अभियोग दर्ज कराया है। इसमें कहा है कि हाथरस जंक्शन क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से कुलदीप के प्रेम संबंध थे। युवती कुलदीप पर शादी करने का दबाव बना रही थी। शादी न करने पर जान से मारने की धमकी देती थी। इसी के चलते युवती ने कुलदीप की गोली मार कर हत्या कर दी।इधर दो दिन पहले महिला मित्र की बहन ने आ. ईजीआरएस पर मुख्यमंत्री से शिकायत की। इसमें कहा है कि सात जनवरी को उसकी बहन को कुलदीप ने फोन कर कोतवाली सदर क्षेत्र में चूना वाला डंडा इलाके में बुलाया था। वह ब्रेजा कार में था। यह कार ग्रेटर नोएडा के थाना दादरी क्षेत्र के गांव कैमराला चक्रसैनपुर निवासी राहुल भाटी की थी। इसमें कुलदीप के साथ हाथरस के श्याम नगर निवासी प्रतीक, बुलंदशहर में डिबाई निवासी आकाश मिले। उक्त लोगों ने बहन के साथ बारी–बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया। मारपीट और धमकी देकर गांव के बाहर छोड़ गए। दबाव बनाकर करते थे दुष्कर्मइससे पूर्व आरक्षी कुलदीप भाटी एवं आरक्षी अविनाश कमरे पर उसकी बहन पर दबाव बनाकर दुष्कर्म करते थे। श्याम नगर के ही अनिल और पवन रखवाली करते थे। बहन ने यह बात उसे बताई थी। आरक्षी कुलदीप और अविनाश प्रार्थिया की बहन को धमकी देते थे कि अगर उसने यह बात किसी को बताई तो उसके पूरे परिवार को झूठे मुकदमे में फंसा देंगे। इस कारण उसकी बहन गुमसुम रहने लगी थी।घटना वाले दिन कुलदीप ने कॉल कर कमरे पर बुलायाघटना वाले दिन नौ जनवरी को आरक्षी कुलदीप भाटी ने व्हाट्सएप पर कॉल कर बहन को कमरे पर बुलाया। बहन ने वहां कुलदीप से कहा कि वह अब पुलिस में शिकायत करेगी। इससे गुस्सा होकर कुलदीप ने तमंचे से उसे दो गोली मारी। फिर अपने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में मृत सिपाही कुलदीप के स्वजन ने बहन पर ही हत्या का अभियोग दर्ज करवा दिया है।युवती की बहन ने कहा है कि उसकी बहन का मोबाइल पुलिस के पास है। उसे डर है कि पुलिस मोबाइल से साक्ष्य मिटा सकती है। सिपाही कुलदीप और अविनाश ने पुलिस की वर्दी का अनैकित लाभ उठाया है। इस मामले में कुलदीप भाटी, अविनाश, अनिल, पवन, आकाश, राहुल भाटी और प्रतीक के खिलाफ कोतवाली सदर में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# सादाबाद क्षेत्र में इस वर्ष आलू किसानों के लिए सोने की फसल साबित हो रही

सादाबाद क्षेत्र में इस वर्ष आलू किसानों के लिए सोने की फसल साबित हो रही है। फसल के पूरी तरह तैयार होने से पहले ही स्टॉकिस्ट और व्यापारी किसानों से सीधा संपर्क कर खेतों में ही खरीद–फरोख्त कर रहे हैं। कई किसानों को 1–2 लाख रुपए का एडवांस भी मिल चुका है।विभिन्न किस्मों के आलू के दाम आकर्षक हैं। 3797 जूट आलू 900–1050 रुपए प्रति पैकेट, सूर्या और चिप्सोना 1100–1250 रुपए प्रति पैकेट, और हाइब्रिड आलू 850–950 रुपए प्रति पैकेट के भाव पर बिक रहे हैं। कोल्ड स्टोरेज पहुंच पर इकट्ठा आलू के सौदे 750–800 रुपए प्रति पैकेट हो रहे हैं।व्यापारियों का मानना है कि कुंभ मेला, सहलग, बिहार और दिल्ली विधानसभा चुनाव के कारण आलू की मांग बढ़ेगी। गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र से आए व्यापारियों के अनुसार, इस वर्ष पिछले साल की तुलना में उत्पादन कम है। पिछले साल बुवाई के समय अधिक तापमान के कारण बीज खराब हो गए थे, जिससे प्रति पौधे केवल 4–6 कंद ही विकसित हो पाए।क्षेत्र के लगभग 150–200 किसान पहले ही अपनी फसल का सौदा कर चुके हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस बार कोल्ड स्टोरेज के लिए आलू कम बचेगा, क्योंकि अधिकांश किसान कच्चा आलू ही बेचना पसंद कर रहे हैं। इससे किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलने की संभावना है।

# गैर इरादतन हत्या के प्रयास में पति दोषी, कोर्ट ने सुनाई सात साल की सजा

हाथरस के अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम माधवी सिंह के न्यायालय ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी के गैर इरादतन हत्या के प्रयास में पति को दोषी करार देते हुए सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर दोषी को अति. रिक्त कारावास भोगना होगा। मामला थाना सासनी क्षेत्र के गांव दरकौली का है।अभियोजन पक्ष के अनुसार सुरेंद्र कुमार दीक्षित निवासी श्यामजी एनक्लेव कमला नगर आगरा ने थाना सासनी में मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा कि उन्होंने अपनी बेटी विजय लक्ष्मी की शादी अप्रैल 2007 में हेमंत पुत्र रमेश चंद्र निवासी दरकौली थाना सासनी के साथ की थी। सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। इसके बाद भी हेमंत और उसके परिजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी को प्रताड़ित करते थे। लड़की को मारपीट कर वापस मायके भेज देते थे और कहते थे कि रुपये लेकर आओ। अभियोजन पक्ष के अनुसार 14 मार्च 2012 को सुरेंद्र कुमार दीक्षित के पास फिर यह फोन पहुंचा कि वह दो लाख रुपये लेकर आएं, नहीं तो उसकी बेटी को मार देंगे। इस पर सुरेंद्र कुमार दीक्षित सासनी पहुंचे। वहां उन्होंने अपनी बेटी को तलाश किया, लेकिन बेटी विजयलक्ष्मी उन्हें नहीं मिली। बाद में विजयलक्ष्मी उन्हें थाना सासनी में गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली। मायके वाले विजयलक्ष्मी को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने



विवेचना करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। इस मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी प्रथम) माधवी सिंह के न्यायालय में हुई। न्यायालय ने इस मामले में पीड़िता के पति हेमंत कुमार को दोषी मानते हुए उसे सात वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने इस मामले में पीड़िता की सास गायत्री देवी को 498 ए और 3ध4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का दोषी मानते हुए उन्हें 6 महीने के सदाचरण की परिवीक्षा पर इस शर्त पर रिहा किया है कि वह 6 महीने के अंदर शांति कायम रखेगी और सदाचारी बनी रहेगी।

# एटा महोत्सव में हरियाणी सिंगर शिवा चौधरी के साथ हुई बदसलूकी



एटा महोत्सव में हरियाणी सिंगर शिवा चौधरी के साथ बदसलूकी हुई। रविवार रात परफार्मेंस के दौरान फैन ने स्टेज पर सिंगर की ओर फ्रूटी फेंककर मारी, लेकिन फ्रूटी स्टेज पर जा गिरी। पैकेट फटने से छीटें सिंगर पर पड़ गए। इस पर सिंगर भड़क गईं।दर्शकों को जमकर फटकार लगाई। कहा– वेरी बैड। इस पर दर्शक हूटिंग करने लगे। नाराज सिंगर स्टेज छोड़कर चली गईं। इसके बाद दर्शकों ने जमकर हंगामा किया। बै. रिकेडिंग तोड़कर स्टेज पर चढ़ गए। 100 से ज्यादा कुर्सियां तोड़ दीं, फिर अफरा–तफरी मच गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भीड़ को काबू नहीं कर पाए।उन्होंने अफसरों को सूचना दी। हंगामे की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। किसी तरह से भीड़ को शांत करवाया। इसके बाद सिंगर फिर से स्टेज पर आईं और कार्यक्रम को पूरा किया।एटा में जिला प्रशासन महोत्सव का आयोजन करवा रहा है। 10 जनवरी से शुरू हुआ महोत्सव 10 फरवरी तक चलेगा। महोत्सव के 9वें दिन यानी रविवार को हरियाणी सिंगर अजय हुड्डा का कार्यक्रम था। 1500 लोग उन्हें सुनने पहुंचे।मगर सिंगर 1 घंटे की देरी से पहुंची। उन्होंने 30 मिनट तक परफार्म किया। रात 10 बजे सिंगर शिवा चौधरी स्टेज पर आईं। उन्होंने सॉन्ग स्टार्ट ही किया, तभी एक फैन ने फ्रूटी फेंक दी। फैंस की हरकत से सिंगर गुस्सा हो गईं. ।गुस्साई सिंगर बोलीं– यह बिल्कुल गलतसिंगर ने कहा– वेरी बैड, ये जिसने भी फेंका है, बिल्कुल गलत किया। क्या आप अपने घर आए मेहमानों के साथ ऐसे ट्रीट करते हैं। इस पर दर्शक हूटिंग करने लगे। यह देखकर गायिका स्टेज छोड़कर चली गईं। इसके बाद दर्शक भड़क गए। उन्होंने जमकर हंगामा किया। कुर्सियां तोड़ दीं। महोत्सव में लगे पुलिसकर्मी भीड़ को संभाल नहीं पाए।अफसर बोले– आरोपियों के खिलाफ एक्शन लेंगे  हंगामे की सूचना पर पुलिस फोर्स पहुंची। फिर किसी तरह भीड़ को शांत कराया, तब कार्यक्रम पूरा हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा– आरोपियों की पहचान की जा रही है। उनके खिलाफ सख्त एक्शन लेंगे।

## कासगंज 24 घंटे में लापता किशोर को पुलिस ने किया बरामद, ऑपरेशन मुस्कान को बड़ी सफलता



कासगंज,  पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मां की डांट से नाराज होकर लापता हुए 14 वर्षीय किशोर को मात्र 24 घंटे के अंदर तलाश कर पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। परिजनों ने ऑपरेशन टीम को धन्यवाद कर आभार जताया है। सोरों कोतवाली क्षेत्र के निवासी योग मार्ग लहरा रोड निवासी शंकर यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका 14 वर्षीय बेटा दीपक यादव 17 जनवरी की शाम को लापता हो गया। वह कक्षा सात में पढ़ता था। उसकी खोजबीन की गई, लेकिन कोई अता पता नहीं चला। सोरों कोतवाल ने मामले में मुकदमा दर्ज कर इसकी जिम्मेदारी एसपी अंकिता शर्मा के द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान को सौंपी। ऑपरेशन मुस्कान की टीम ने बच्चे की तलाश शुरू कर दी। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बच्चे को सकुशल 24 घंटे के अंदर बरामद कर लिया। इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने बताया कि दीपक की मां पूजा ने पढ़ाई को डांट दिया था। डांट से आहत होकर दीपक अपनी ननिहाल चला गया था। परिजनों ने ऑपरेशन मुस्कान की टीम की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया है।

## एटा जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के जगन्नाथपुरी में एक 9 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

एटा जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के जगन्नाथपुरी में एक 9 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान राजू के पुत्र आर्यन के रूप में हुई है।घटना देर शाम की है जब आर्यन खाना खाने के बाद घर से बाहर निकला था। कुछ देर बाद वह घर के बाहर सड़क पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। उसके सिर से खून बह रहा था। घबराए हुए परिजन तुरंत उसे वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज ले गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। रास्ते में ही बच्चे ने दम तोड़ दिया।जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दियामेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर सुनते ही पिता पछाड़ खाकर गिर पड़े और शव से चिपटकर रोने लगे। दुखी परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए और पुलिस को सूचना दिए शव को घर ले गए।कोतवाली नगर के थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह चौहान का कहना है कि उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं है और न ही परिजनों ने कोई सूचना दी है। बच्चे के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं, लेकिन मौत का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की आवश्यकता है।

## एटा के जलेसर कस्बे में चिंता हरण मंदिर में के.जी. एफ ग्रुप के बैनर तले एक रोमांचक आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन



एटा के जलेसर कस्बे में चिंता हरण मंदिर में के.जी. एफ ग्रुप के बैनर तले एक रोमांचक आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाजपा नेता कपिल देव वार्ष्णेय ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।इस प्रतियोगिता में स्थानीय और बाहर से आए दर्जनों युवा खिलाड़ियों ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के बाद सूरज नेपाली ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कासगंज के मोहम्मद वारिश को द्वितीय और जलेसर के अजहर कुरैशी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को के.जी.एफ ग्रुप की ओर से ट्रॉफी और पटका देकर सम्मा. नित किया गया।कार्यक्रम में हिमांशु गुप्ता, शहनवाज कुरैशी, अर्श मोहम्मद, अल्ताफ, रवि बोपारा, शाहिद, कान्हा वार्ष्णेय, पंकज दुबे, विकास गुप्ता और अंशुल यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। स्थानीय जनता ने भी बड़ी संख्या में प्रतियोगिता का आनंद लिया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## कासगंज से किसरौली मार्ग के अब सुधरेंगे हालत



कासगंज/संवावदाता अमित कुमार
कासगंज से फरीदपुर नरौली मार्ग पचलाना रोड का इतना बुरा हाल है की आम जनमानस का निकलना दुश्वार हो गया है बात करें तो किसरोली तक तो भयाभय स्थित है किसरोली की ओर जाने वाले जर्जर मार्ग के लंबे अरसों के बाद इस रोड से गुजरने वाली जनता को खुशियां मिलने वाली हैं किसरोली की ओर जाने वाली सड़क 8 साल से टूटी–फूटी हालत में थी गिट्टियां उखाड़ने से सड़क में जगह–जगह गहरे गहरे गड्ढे भी हो गए है इन गढ़ों में फंसकर वहान पलट जाते हैं लगभग 15 से 16 गांव के किसान अनाज को बेचने के लिए मंडी आते जाते हैं बारिश के दिनों में नगला बैनी फरीदपुर नरौली के पास गहरे गढ़ों में पानी भर जाता है  सड़क ना दिखने के कारण वाहन पलट जाते हैं जनप्रति. निधियों ने इस समस्या को लेकर समाधान की मांग उठाई इसके बाद इस सड़क के निर्माण की कमान ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को सौंप दी गई है जो इसका निर्माण कराएगी सड़क बन जाने से लोगों को राहत मिलेगी

## कासगंज में जिला विज्ञान क्लब ने रविवार को जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन



कासगंज में जिला विज्ञान क्लब ने रविवार को जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन श्री गणेश इंटर कॉलेज में किया गया। इसमें 220 बाल वैज्ञानिकों ने 156 विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। दिव्यांगों के लिए स्मार्ट हैंडीकैप्ट चेयर और आर्मर ड्रोन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।  इस प्रतियोगिता में रिन्यूबल सोलर एनर्जी, हाइड्रो पावर प्लांट, मोडिफाइड रेलवे क्रॉसिंग गेट, बायो एनर्जी, मल्टीपर्पज रोबोटिक व्हीकल आदि के मॉडल प्रस्तुत किए गए।  रजनीकांत माहेश्वरी ने कहा कि स्मार्ट हैंडीकैप्ड चेयर, आर्मर ड्रोन काफी सराहनीय है। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने विज्ञान प्रदर्शनी का महत्व बताते हुए कहा कि आवश्यकता और वैज्ञानिक सोच से नए आविष्कार के जन्म होते हैं।

## एटा जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 52 . वर्षीय मूंगफली विक्रेता की मौत हो गई



एटा जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 52 वर्षीय मूंगफली विक्रेता की मौत हो गई। घटना कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के आ. ईटीआई के पास देर रात की है, जब एक अज्ञात वाहन ने ठेला लेकर जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी।मृतक की पहचान असरौली निवासी सूबेदार (पुत्र नेतराम) के रूप में हुई है। उनके बेटे जयप्रकाश के अनुसार, रात साढ़े नौ बजे वे दोनों मूंगफली का ठेला लेकर अपने गांव लौट रहे थे। जयप्रकाश आगे चल रहा था और उनके पिता पीछे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।घटना के बाद गंभीर रूप से घायल सूबेदार को परिजन तुरंत एटा स्थित मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।लिप्टन चौकी के एसआई सूरज कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पं. चनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

**पीड़ित ध्यान दें**

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

**मो. 8218049162**
email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला ब्यूरो चीफमंडल ब्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मो:-8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**
**हिन्दी साप्ताहिक**

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक-अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा

# डोनॉल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले Bitcoin ऑल टाइम हाई
# 109,000 डॉलर से ऊपर पहुंची कीमत

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डा.ेनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से ठीक पहले, ठपजबवपद ने एक नया ऐतिहासिक छलांग लगाय है. आज सुबह, ठपजबवपद की कीमत 109,241 डॉलर तक पहुंच गई. एक्सपर्ट्स की मानें तो यह तेजी ट्रंप की संभावित क्रिप्टो–फ्रेंडली नीतियों की उम्मीदों के चलते हुई है.डोनाल्ड ट्रंप ने किया कमाल डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चुनावी अभियान के दौरान क्रिप्टोकरेंसी को लेकर सकारात्मक रुख अपनाया था. उन्होंने वादा किया था कि अगर वह राष्ट्रपति बने, तो वह अमेरिका को क्रिप्टोकरेंसी का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए काम करेंगे. उनके प्रशासन में क्रिप्टोकरेंसी कंपनियों पर विनियामक बोझ को कम करने और डिजिटल करेंसी को अपनाने को बढ़ावा देने की संभावना है.एक्सपर्ट्स का मानना है कि ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद, क्रिप्टो बाजार में और तेजी देखने को मिल सकती है. पिछले कुछ दिनों में ठपजबवपद की कीमत में 40 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी हुई है, जो इस बात का संकेत है कि बिटकॉइन निवेशक ट्रंप के



प्रशासन से सकारात्मक बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं.कई और क्रिप्टोकरेंसी में दिखी तेजीBitcoin की कीमत में इस उछाल ने न केवल निवेशकों को आकर्षित किया है, बल्कि दूसरे क्रिप्टोक.रेंसी जैसे म्जीमतमनउ और क्वहमबवपद में भी तेजी लाई है. म्जीमतमनउ की कीमत में 6.5 फीसदी और क्वहमबवपद में 18 फीसदी की तेजी देखी गई. आपको बता दें, इस तेजी के बाद ठपज.बवपद का मार्केट कैप अब 1.445 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है.इन बातों का रखें ख्यालBitcoin ने हाल ही में भले ही शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन क्रिप्टो बाजार बहुत ज्यादा अस्थिर होता है. अगर ट्रंप प्रशासन अपनी नीतियों में बदलाव करता है या बाजार में कोई नकारात्मक खबर आती है, तो ठपजबवपद की कीमतों में गिरावट भी संभव है. निवेशकों को सतर्क रहना होगा और अपने निवेश फैसलों को समझदारी से लेना होगा.ट्रंप मीम कॉइन लॉन्च इसी बीच, 19 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप ने अपने नए मीम कॉइन +ज्त्न्डच को भी लॉन्च किया है, जिसने क्रिप्टो बाजार में हलचल मचा दी है. यह कॉइन लॉन्च होते ही 300 फीसदी की बढ़त दर्ज कर चुका है. हालांकि, मेलानिया ट्रंप द्वारा लॉन्च किए गएMELANIA कॉइन ने TRUMP कॉइन की कीमत पर नकारात्मक प्रभाव डाला.

## उत्तर प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को मिलेगा बंपर पैसा, 8वें वेतन आयोग से बढ़ जाएगी इतने हजार सैलरी

केंद्र सरकार के 8वें वेतन आयोग की स्थापना की घोषणा के बाद उत्तर प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों में उम्मीदें बढ़ गई हैं. यह आयोग 2026 में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप सकता है, जिसके बाद उत्तर प्रदेश के लगभग 8 लाख सरकारी कर्मचारियों और 4 लाख पेंशनभोगियों को इस योजना का लाभ मिलने की संभावना है.यूपी के कर्मचारियों को कितना लाभ मिलेगाकेंद्र सरकार ने जिस 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी है, उससे सरकारी कर्मचारियों के वेतन में 25 फीसदी से 30 फीसदी तक की बढ़त होने की उम्मीद है. मौज.ूदा समय में, यूपी के कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के तहत 53 फीसदी महंगाई भत्ता मिल रहा है. इस आयोग के लागू होने से यह प्रतिशत और बढ़ सकता है, जिससे कर्मचारियों की सैलरी में बंपर वृद्धि होगी.कब लागू होगा 8वां वेतन आयोरिपोर्ट्स के अनुसार, यूपी सरकार 8वें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की प्रक्रिया के लिए तैयार है. पिछले अनुभवों को देखते हुए, जब सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू हुई थीं, तब यूपी सरकार ने इसे केंद्रीय कर्मचारियों के लगभग 5–6 महीने बाद लागू किया था. इस बार भी ऐसा



ही होने की संभावना है. इसका मतलब यह है कि अगर केंद्रीय कर्मचारी जनवरी 2026 से नए वेतनमान पर काम करना शुरू करते हैं, तो यूपी के सरकारी कर्मचारियों को संभवतः जून 2026 तक इसका लाभ मिल सकेगा.कितने हजार बढ़ जाएगी सैलरी एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर फिटमेंट फैक्टर को 2.86 तक बढ़ाया जाता है, तो इससे न्यूनतम बेसिक सैलरी में लगभग 186 फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है. उदाहरण के लिए, अगर किसी कर्मचारी का मौजूदा बेसिक पे 18,000 रुपये है, तो नए फिटमेंट फैक्टर के अनुसार उसकी बेसिक सैलरी बढ़कर 51,480 रुपये हो जाएगी. अगर आपको ये समझ नही आया कि आखिर ये 18000 से 51,480 रुपये कैसे हो गया तो आपको बता दें कि हमनें फिटमेंट फैक्टर से आपकी बेसिक सैलरी में गुणा कर दिया.आपकी बेसिक सैलरी जितनी भी हो आप सरकार द्वारा अनाउंस फिटमेंट फैक्टर से अपनी बेसिक सैलरी में गुणा कर के ये पता कर सकते हैं कि आखिर 8वें वेतन आयोग के बाद आपकी सैलरी में कितनी बढ़ोतरी होगी. इसके अलावा आपको बता दें, मौजूदा समय में यूपी के सरकारी कर्मचारियों को 53 फीसदी महंगाई भत्ता (क्।) मिल रहा है, जो इस नई सिफारिश के बाद और बढ़ सकता है.

## शपथग्रहण से पहले डोनाल्ड ट्रंप के डिनर में पहुंचे मुकेश और नीता अंबानी, देखें अंदर की तस्वीरें



वाशिंगटन डीसी में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से पहले आयोजित डिनर में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी ने शिरकत की. इस खास अवसर पर दुनिया के कई बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट, वैश्विक व्यापार जगत के नेता और ट्रंप के कैबिनेट के नामित सदस्य मौजूद थे.डिनर में अंबानी परिवार को अन्य भारतीय उद्यमियों, जैसे एम3एम डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक पंकज बंसल और ट्रिबेका डेवलपर्स के संस्थापक कल्पेश मेहता के साथ देखा गया. कल्पेश मेहता भारत में ट्रंप टावर्स को स्थापित करने में एक प्रमुख भागीदार हैं. इंस्टाग्राम पर साझा की गई तस्वीरों में मेहता को मुकेश और नीता अंबानी के साथ पोज देते हुए देखा जा सकता हैखास ड्रेस में नजर आया अंबानी परिवारमुकेश अंबानी ने इस मौके पर काले रंग का सूट पहना, जबकि नीता अंबानी सिल्क साड़ी के साथ लंबे ओवरकोट में नजर आईं. इस आयोजन में कई और बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट भी शामिल हुए. इसके अलावा ।उंवद.बवउ के संस्थापक जेफ बेजोस और मेटा के मुख्य कार्यकारी मार्क जुकरबर्ग भी इस अवसर पर दिखे.कल्पेश मेहता ने सा.ेशल मीडिया पर ट्रंप और उनके परिवार के साथ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, ष्45वें और 47वें राष्ट्रपति के साथ इस अद्भुत उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस किया.ष उन्होंने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें डोनाल्ड ट्रंप अपनी पत्नी मेलानिया के साथ आतिशबाजी का आनंद ले रहे थे.रिपोर्ट्स के अनुसार, अंबानी परिवार को डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण समारोह से एक रात पहले आयोजित ष्कैंडललाइट डिनरष के लिए स्पेशल इनविटेशन दिया गया था. इस अवसर पर ट्रंप के साथ उनकी करीबी मित्र मंडली और परिवार के सदस्य मौजूद थे.ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह के बाद, अंबानी परिवार को रिपब्लिकन मेगा–डोनर मिरियम एडेलसन और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग द्वारा आयोजित ब्लैक–टाई रिसेप्शन में शामिल होगा. इस आयोजन में दुनिया के प्रभावशाली नेताओं और व्यापार जगत के दिग्गजों का जमावड़ा होगा.

## सपने अमीरों का विशेषाधिकार नहींः, गौतम अदाणी बोले– ये उन लोगों का पुरस्कार जो अथक परिश्रम करते हैं



सपने अमीरों का विशेषाधिकार नहीं हैं, वे उन लोगों का पुरस्कार हैं जो विश्वास करने और अथक परिश्रम करने का साहस करते हैं। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने यह बात अहमदाबाद में अदाणी इंटरनेशनल स्कूल में अपने संबोधन में कही। छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बात करते हुए, उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्त करने में सपनों, कड़ी मेहनत और लचीलेपन की शक्ति का बहुत महत्व है। अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए, उन्होंने बिना किसी रोडमैप, संसाधनों या कनेक्शन के शुरुआत करने की बात स्वीकार की।उन्होंने कहा, ष्लेकिन उनके पास कुछ सार्थक बनाने का सपना था। उन्होंने कहा , ष्मैं हर एक दिन इसका सपना देखता था। और जब मैं पीछे देखता हूं– तो मैं कह सकता हूं कि सपने अमीरों का विशेषाधिकार नहीं हैं। वे उन लोगों का पुरस्कार हैं जो विश्वास करने और अथक परिश्रम करने का साहस करते हैं।ष अदाणी ने भारत के सबसे तेजी से बढ़ते समूह अदाणी समूह के बारे में कहा कि कंपनी की सफलता व्यवसाय बनाने से कहीं आगे है। उन्होंने कहा, ष्हमने जो भी निर्णय लिया, जो भी जोखिम उठाया, वह एक लक्ष्य से प्रेरित था। हम ऐसा कुछ कैसे बना सकते हैं जो अधिक से अधिक लोगों की सेवा करे? यह हमारे सपनों को पंख देने का साहस और किसी और की तुलना में अधिक ऊंची और तेज उड़ान भरने की दृढ़ता के बारे में है।ष्अदाणी बच्चों में मजबूत मूल्यों को स्थापित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ष्आपके बच्चे सिर्फ आपकी संपत्ति से अधिक प्राप्त करते हैंय उन्हें आपके मूल्य मिलते हैं। उन्हें लचीलापन, सहानुभूति और दूसरों की सेवा करने की क्षमता से लैस करें। उन्हें खोज करने, नवाचार करने, सपने देखने के लिए प्रोत्साहित करें। लेकिन उन्हें जड़ें भी दें ताकि वे कभी भी उस मिट्टी को न भूलें जिससे वे आए हैं।ष उन्होंने छात्रों से कहा, ष्वे जीवन में जहां भी जाएं, भारत की भावना को अपने साथ लेकर चलें।ष अदाणी ने कहा, ष्सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों के बारे में नहीं हैय यह दूसरों के लिए एक बेहतर दुनिया बनाने के बारे में है।

## एफपीआई ने जनवरी में अबतक भारतीय शेयर बाजार से 44,396 करोड़ रूपये निकाले

डॉलर की मजबूती, अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और कंपनियों के तिमाही नतीजे कमजोर रहने की आशंका के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजार से 44,396 करोड़ रुपये निकाले हैं. डिपॉजिटरी के आंकड़ों से मिली जानकारीडिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है. इससे पहले दिसंबर में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 15,446 करोड़ रुपये डाले थे. घरेलू और वैश्विक मोर्चे पर तमाम तरह की अड़चनों की वजह से विदेशी निवेशकों के रुख में बदलाव हुआ है. आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने (17 जनवरी तक) अबतक भारतीय शेयरों से शुद्ध रूप से 44,396 करोड़ रुपये निक.ाले हैं. दो जनवरी को छोड़कर इस महीने के सभी दिन एफपीआई बिकवाल रहे हैं.मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स की राय मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स इंडिया के एसोसिएट निद.ेशक–प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा,ष्भारतीय रुपये में लगातार गिरावट ने विदेशी निवेशकों पर काफी दबाव डाला है. यही वजह है कि वे भारतीय बाजार से अपना निवेश निकाल रहे हैं.ष उन्होंने कहा कि इसके अलावा हाल की गिरावट के बावजूद भारतीय शेयरों का



ऊंचा मूल्यांकन, कमजोर तिमाही नतीजों की संभावना, आर्थिक वृद्धि की रफ्तार को लेकर अनिश्चितता निवेशकों को प्रभावित कर रही है.जियोजीत फा.इनेंशियल सर्विसेज की राय जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ष्एफपीआई की लगातार बिकवाली की मुख्य वजह डॉलर की मजबूती और अमे.रिका में बॉन्ड प्रतिफल का बढ़ना है. डॉलर सूचकांक 109 से ऊपर है और 10 साल के अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल 4.6 प्रतिशत से ज्यादा है. ऐसे में एफपीआई का उभरते बाजारों में बि.कवाली करना तर्कसंगत है, खासकर सबसे महंगे उभरते बाजार भारत में.ष्अमे.रिका में बॉन्ड यील्ड आकर्षक चूंकि अमे.रिका में बॉन्ड यील्ड आकर्षक बना हुआ है, ऐसे में एफपीआई ऋण या बॉन्ड बाजार में भी बिकवाली कर रहे हैं. उन्होंने बॉन्ड बाजार में सामान्य सीमा के तहत 4,848 करोड़ रुपये और स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग से 6,176 करोड़ रुपये निकाले हैं.कुल मिलाकर यह रुझान विदेशी निवेशकों के सतर्क रुख को दर्शाता है, जिन्होंने 2024 में भारतीय शेयरों में सिर्फ 427 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था. इससे पहले 2023 में एफपीआई का भारतीय शेयरों में नि.वेश 1.71 लाख करोड़ रुपये रहा था. 2022 में वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा दरों में आक्रामक वृद्धि के बीच एफपीआई ने भारतीय बाजार से 1.21 लाख करोड़ रुपये निकाले थे.